2013 का विधेयक संख्या 15

राजस्थान सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2013

(जैसाकि राजस्थान विधान सभा में पुरःस्थापित किया जायेगा)

राजस्थान सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2001 को और संशोधित करने के लिए विधेयक।

भारत गणराज्य के चौंसठवें वर्ष में राजस्थान राज्य विधान-मण्डल निम्नलिखित अधिनियम बनाता हैः-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इस अधिनियम का नाम राजस्थान सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम, 2013 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

2. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 2 का संशोधन.- राजस्थान सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2001 (2002 का अधिनियम सं.16), जिसे इस अधिनियम में आगे मूल अधिनियम कहा गया है, की धारा 2 में विद्यमान खण्ड (तक) के पश्चात् और विद्यमान खण्ड (थ) के पूर्व निम्नलिखित नया खण्ड अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(तख) "पदाधिकारी" से, किसी सहकारी सोसाइटी का अध्यक्ष या उपाध्यक्ष अभिप्रेत है और इसमें किसी सहकारी सोसाइटी की समिति द्वारा निर्वाचित किया जाने वाला कोई भी अन्य व्यक्ति सम्मिलित है;"।

3. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 16 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 16 की उप-धारा (2) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "उपविधियों के उपबंधों" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "का पालन करने में असफल रहा है," के पूर्व आयी अभिव्यक्ति ",यदि कोई हों," हटायी जायेगी।

4. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 18 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 18 में, विद्यमान अभिव्यक्ति "जब तक कि उसने सोसाइटी को सदस्यता के संबंध में ऐसे संदाय न कर दिये हों या" के स्थान पर अभिव्यक्ति "जब तक कि उसने सदस्यता के संबंध में संदाय को सम्मिलित करते हुए, सोसाइटी के समस्त शोध्यों के

संबंध में संदाय न कर दिये हों या सेवाओं का ऐसा न्यूनतम स्तर प्राप्त न कर लिया हो या" प्रतिस्थापित की जायेगी।

5. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 20 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 20 की उप-धारा (2) के खण्ड (क) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "उपाध्यक्ष" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "द्वारा किया जायेगा" के पूर्व अभिव्यक्ति " या धारा 30 के अधीन नियुक्त प्रशासक " अन्त:स्थापित की जायेगी।

6. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 21 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 21 में अन्त में आये विद्यमान विराम चिह्न " । " के स्थान पर विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा और तत्पश्चात् निम्नलिखित नया परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

> "परन्तु अरबन को-आपरेटिव बैंक का कोई व्यष्टिक सदस्य, सोसाइटी की कुल शेयर पूंजी के अधिकतम बीसवें भाग तक ही शेयर धारण करेगा।"।

7. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 25 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 25 की उप-धारा (1) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "प्रत्येक सहकारी सोसाइटी" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए" के पूर्व अभिव्यक्ति "वित्तीय वर्ष की समाप्ति से छह मास की कालावधि के भीतर-भीतर" अन्त:स्थापित की जायेगी।

8. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 27 का संशोधन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 27 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

> "**27. समिति की नियुक्ति.-** (1) किसी सहकारी सोसाइटी का साधारण निकाय सोसाइटी के कार्याकलापों का प्रबन्ध उपविधियों के अनुसार गठित समिति को न्यस्त करेगा:
>
> परन्तु इस अधिनियम के प्रारम्भ होने के पश्चात् रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी के मामले में, ऐसे व्यक्ति, जिन्होंने

सोसाइटी का रजिस्ट्रीकरण करने के आवेदन पर हस्ताक्षर किये हैं, सोसाइटी के कार्यकलापों के संचालन के लिए रजिस्ट्रीकरण की तारीख से तीन मास की कालावधि के लिए कोई समिति नियुक्त कर सकेंगे, किन्तु इस परन्तुक के अधीन नियुक्त समिति, ऐसी किसी नयी समिति, जिसका गठन उपविधियों के अनुसार तीन मास की उक्त कालावधि के भीतर-भीतर किया जायेगा, के गठन पर कृत्य करना बन्द कर देगी।

(2) समिति में सदस्यों की ऐसी संख्या होगी जैसीकि उपविधियों में विहित की जाये:

परन्तु समिति के सदस्यों की अधिकतम संख्या इक्कीस से अधिक नहीं होगी:

परन्तु यह और कि समिति के बारह सदस्य सोसाइटी के साधारण निकाय द्वारा निर्वाचित किये जायेंगे:

परन्तु यह भी कि किसी सहकारी सोसाइटी की समिति जो सदस्यों के रूप में व्यष्टियों से मिलकर बनी हो और जिसमें अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों अथवा स्त्रियों के वर्ग या प्रवर्ग से सदस्य हों, एक स्थान अनुसूचित जातियों के लिए, एक स्थान अनुसूचित जनजातियों के लिए और दो स्थान स्त्रियों के लिए आरक्षित होंगे।

(3) सहकारी सोसाइटी की समिति बैंककारी, प्रबंधन, वित्त के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले या सहकारी सोसाइटी के उद्देश्यों और इसके द्वारा किये जाने वाले क्रियाकलापों से संबंधित किसी अन्य क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले इतने व्यक्तियों को समिति के सदस्यों के रूप में सहयोजित करेगी, जितने उपविधियों में विनिर्दिष्ट किये जायें:

परन्तु ऐसे सहयोजित सदस्यों की संख्या उप-धारा (2) के प्रथम परन्तुक में विनिर्दिष्ट समिति के इक्कीस सदस्यों के अतिरिक्त दो से अधिक नहीं होगी:

परन्तु यह और कि किसी सहकारी सोसाइटी के कृत्यकारी निदेशक भी समिति के सदस्य होंगे और ऐसे सदस्यों को, प्रथम परन्तुक में विनिर्दिष्ट समिति के सदस्यों की कुल

संख्या की गणना करने के प्रयोजन के लिए अपवर्जित किया जायेगा।

(4) समिति के निर्वाचित सदस्यों और उसके पदाधिकारियों की पदावधि निर्वाचन की तारीख से पांच वर्ष की होगी और पदाधिकारियों की पदावधि समिति की अवधि की सहावसानी होगी:

परन्तु समिति, किसी आकस्मिक रिक्ति को नामनिर्देशन द्वारा उसी वर्ग के सदस्यों में से जिसके संबंध में आकस्मिक रिक्ति हुई है, भर सकेगी, यदि समिति की अवधि इसकी मूल पदावधि के आधे से कम हैः

परन्तु यह और कि यदि समिति में कोई आकस्मिक रिक्ति हो गयी है और समिति की अवधि उसकी मूल पदावधि के आधे से अधिक है, तो ऐसी रिक्ति निर्वाचन, नामनिर्देशन या यथास्थिति, सहयोजन द्वारा भरी जायेगी और इस प्रकार निर्वाचित, नामनिर्देशित या, यथास्थिति, सहयोजित सदस्य शेष अवधि के लिए पद धारण करेगा।

(5) धारा 29 के अधीन नामनिर्देशित या उप-धारा (3) के अधीन सहयोजित सदस्य को सम्मिलित करते हुए समिति का प्रत्येक सदस्य एक मत देने का हकदार होगा:

परन्तु धारा 29 के अधीन नामनिर्देशित या उप-धारा (3) के अधीन सहयोजित सदस्यों को ऐसे सदस्यों के रूप में उनकी हैसियत में सहकारी सोसाइटी के किसी निर्वाचन में मतदान करने का या समिति के पदाधिकारियों के रूप में निर्वाचित होने के लिए पात्र होने का कोई अधिकार नहीं होगा:

परन्तु यह और कि जहां राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित सदस्य, समिति द्वारा पारित किये गये संकल्प से विसम्मति रखता हो, वहां वह ऐसी विसम्मति के बारे में सूचना एक सप्ताह के भीतर-भीतर रजिस्ट्रार को देगा।"।

9. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 28 का संशोधन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 28 के स्थान पर निम्नलिखित अन्त:स्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"28. समितियों की सदस्यता इत्यादि के लिए निरर्हता.-(1) कोई भी व्यक्ति, एक ही समय में, एक से अधिक शीर्ष सोसाइटी या एक से अधिक केन्द्रीय सोसाइटी का अध्यक्ष नहीं होगा।

(2) यदि कोई व्यक्ति, यथापूर्वोक्त किसी शीर्ष या केन्द्रीय सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में अपने निर्वाचन की तारीख को किसी दूसरी शीर्ष या केन्द्रीय सोसाइटी का पहले से अध्यक्ष है तो उसका पश्चातवर्ती निर्वाचन पूर्वोक्त निर्वाचन से चौदह दिन की कालावधि की समाप्ति पर शून्य समझा जायेगा, जब तक कि वह पूर्वोक्त दोनों शीर्ष या, यथास्थिति, दोनों केन्द्रीय सोसाइटियों में से किसी एक के अध्यक्ष पद से, ऐसी कालावधि के भीतर-भीतर, त्यागपत्र न दे दे।

(3) कोई भी व्यक्ति किसी समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित, सहयोजित या नामनिर्देशित होने के लिए या समिति का सदस्य बने रहने के लिए पात्र नहीं होगा, यदि वह उस सोसाइटी या किसी भी अन्य सोसाइटी का, उसके द्वारा लिये गये किसी भी उधार या उधारों के संबंध में ऐसी कालावधि के लिए, जो संबंधित सोसाइटी की उपविधियों में विनिर्दिष्ट है या किसी भी स्थिति में तीन मास से अधिक की कालावधि के लिए व्यतिक्रमी है:

परन्तु यह निरर्हता किसी सदस्य-सोसाइटी पर लागू नहीं होगी।

(4) उप-धारा (3) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, कोई भी व्यक्ति केन्द्रीय सहकारी बैंक या शीर्ष सहकारी बैंक की समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित, सहयोजित ओर नामनिर्देशित होने के लिए, या समिति का सदस्य बने रहने के लिए पात्र नहीं होगा, यदि वह-

(i) किसी प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी से भिन्न किसी सोसाइटी का प्रतिनिधित्व करता है और ऐसी सोसाइटी

उसके द्वारा लिये गये किसी भी उधार या उधारों के संबंध में ऐसे बैंक के प्रति नब्बे दिन से अधिक की कालावधि से व्यतिक्रमी है;

(ii) ऐसा व्यक्ति है जो किसी प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी का व्यतिक्रमी है या ऐसी किसी व्यतिक्रमी प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी का एक वर्ष से अधिक की कालावधि के लिए, प्रतिनिधि है, जब तक कि व्यतिक्रम दूर न कर दिया जाये; और

(iii) ऐसा व्यक्ति है, जो ऐसी सोसाइटी का प्रतिनिधित्व करता है जिसकी समिति अतिष्ठित कर दी गयी है या जो उसकी स्वयं की सोसाइटी की समिति में सदस्य न रहा हो।

(5) राजस्थान साहूकार अधिनियम, 1963 (1964 का अधिनियम सं.1) में यथा परिभाषित कोई भी साहूकार, नियमों के अधीन यथावर्गीकृत किसी सेवा सहकारी सोसाइटी का अधिकारी निर्वाचित या सहयोजित होने के लिए पात्र नहीं होगा और जहां ऐसी सोसाइटी का यथापूर्वोक्त कोई अधिकारी साहूकारी का कारोबार प्रारम्भ कर देता है तो वह, तदुपरान्त ऐसी सोसाइटी का अधिकारी नहीं रहेगा।

(6) किसी समिति का कोई भी सदस्य, जिसे धारा 30 के अधीन हटा दिया गया है, ऐसे हटाये जाने की तारीख से पांच वर्ष की कालावधि के लिए किसी भी समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन, सहयोजन या नामनिर्देशन का पात्र नहीं होगा:

परन्तु धारा 30 की उप-धारा (1) के खण्ड (ग) में वर्णित आधार पर, जिस समिति के स्थान पर प्रशासक रखा गया है, उस समिति का कोई सदस्य इस उप-धारा के अधीन निरर्हित नहीं समझा जायेगा।

(7) कोई व्यक्ति, जिसके विरुद्ध धारा 57 के अधीन कोई आदेश पारित किया गया हो, ऐसा आदेश अपास्त न किये जाने की स्थिति में, ऐसी तारीख से, जिसको वह धन या अन्य

सम्पत्ति या उसके भाग का ब्याज सहित प्रति-संदाय या प्रत्यावर्तन करता है या ऐसे आदेश कि तुष्टि में अभिदाय और खर्चे या प्रतिकर का संदाय करता है, पांच वर्ष की कालावधि की समाप्ति तक किसी समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन, सहयोजन या नामनिर्देशन का पात्र नहीं होगा।

(8) ऐसा कोई व्यक्ति -

(i) जिसके विरुद्ध सक्षम न्यायालय ने भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का केन्द्रीय अधिनियम सं.45) की धारा 120ख, 405, 406, 407, 408, 409, 415, 416, 419, 420, 421, 422, 423, 424, 447, 463, 464, 465, 466, 467, 468, 469, 470, 471, 472, 473, 474, 475, 476 या 477क के अधीन दण्डनीय अपराध के लिए संज्ञान किया गया है और जो विचारण के अधीन है, किसी सोसाइटी की समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित, सहयोजित या नामनिर्देशित होने या उसमें बने रहने का पात्र नहीं होगा; या,

(ii) जिसको सक्षम न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध किया गया है और तीन मास या उससे अधिक के कारावास से दण्डादिष्ट किया गया है, ऐसे दण्डादेश को तत्पश्चात् उलट न दिये जाने या उसका परिहार न किये जाने या उस अपराधी को क्षमा न किये जाने की स्थिति में, ऐसी दोषसिद्धि की तारीख से पांच वर्ष की कालावधि के लिए किसी सोसाइटी की समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित, सहयोजित या नामनिर्देशित किये जाने या उसमें बने रहने का पात्र नहीं होगा।

(9) कोई भी व्यक्ति समिति का अध्यक्ष और संघ मंत्रि-परिषद् अथवा राज्य मंत्रि-परिषद् का सदस्य, किसी जिला परिषद् का प्रमुख या किसी पंचायत समिति का प्रधान, दोनों, नहीं रहेगा और, यदि वह पहले ही संघ मंत्रि-परिषद् अथवा राज्य मंत्रि-परिषद् का सदस्य या किसी जिला परिषद का प्रमुख या किसी पंचायत समिति का प्रधान है तो वह, उस तारीख से, जिसको कि वह ऐसी समिति का अध्यक्ष बनता है,

चौदह दिन की कालावधि की समाप्ति पर ऐसी समिति का ऐसा अध्यक्ष नहीं रह जायेगा जब तक कि ऐसी समाप्ति के पूर्व वह संघ मंत्रि॰-परिषद् अथवा राज्य मंत्रि॰-परिषद् में अपने स्थान से या, उस पद से, जो वह जिला परिषद् या, यथास्थिति, पंचायत में धारित करता है, त्यागपत्र नहीं दे देता है:

परन्तु यदि ऐसा कोई व्यक्ति, जो किसी समिति का अध्यक्ष पहले से है, संघ मंत्रि॰-परिषद् अथवा राज्य मंत्रि-परिषद् के सदस्य या किसी जिला परिषद् के प्रमुख या किसी पंचायत समिति के प्रधान के रूप में निर्वाचित हो जाता है तो संघ मंत्रि॰-परिषद् अथवा राज्य मंत्रि-परिषद् का सदस्य या किसी जिला परिषद् का प्रमुख या, यथास्थिति, किसी पंचायत समिति का प्रधान निर्वाचित हो जाने की तारीख से चौदह दिन की समाप्ति पर ऐसी समिति का अध्यक्ष नहीं रहेगा, जब तक कि वह संघ मंत्रि॰-परिषद् अथवा राज्य मंत्रि-परिषद् में अपने स्थान से या उस पद से, जो वह जिला परिषद् या, यथास्थिति, पंचायत समिति में धारित करता है, पहले ही त्यागपत्र नहीं दे देता है:

परन्तु यह और कि वह समिति का सदस्य या निदेशक बन सकेगा।

(10) कोई भी व्यक्ति समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन, सहयोजन या नामनिर्देशन का पात्र नहीं होगा, यदि उसके दो से अधिक संतानें हैं:

परन्तु कोई व्यक्ति, जिसके दो से अधिक संतानें हैं, इस उप-धारा के अधीन तब तक निरर्हित नहीं होगा जब तक कि 10.7.1995 को रही उसकी संतानों की संख्या में वृद्धि नहीं होती।

स्पष्टीकरण.- इस उप-धारा के प्रयोजन के लिए, जहां 10.7.1995 को दम्पत्ति के पूर्ववर्ती प्रसव या प्रसवों से केवल एक संतान हो और तत्पश्चात् किसी एक ही पश्चातवर्ती प्रसव से जन्मी संतानों की किसी संख्या को एक इकाई समझा जायेगा।

(11) समिति का कोई भी सदस्य, जो अध्याय 5 के अधीन राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अपेक्षित सूचना या सहायता उपलब्ध कराने में असफल रहा है, ऐसी असफलता की तारीख से पांच वर्ष की कालावधि के लिए समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित, सहयोजित या नामनिर्देशित होने का पात्र नहीं होगा।

(12) इस बारे में कोई भी प्रश्न कि आया समिति का कोई सदस्य इस धारा या नियमों के अधीन उल्लिखित किन्हीं भी निरर्हताओं के अध्यधीन हो गया है, निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन अधिकारी द्वारा और समस्त अन्य समयों पर रजिस्ट्रार द्वारा विनिश्चित किया जायेगा।"।

10. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 30 का संशोधन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 30 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"**30. समिति या उसके सदस्य का हटाया जाना.-** (1) जहां -

(क) सहकारी सोसाइटी की समिति,-

(i) लगातार व्यतिक्रम करती है; या

(ii) इस अधिनियम या नियमों या उप-विधियों द्वारा उस समिति या सदस्य पर अधिरोपित अपने कर्तव्यों के अनुपालन में उपेक्षा करता है; या

(iii) सोसाइटी या उसके सदस्यों के हितों के प्रतिकूल कोई कार्य करती है; या

(ख) समिति के गठन या उसके कृत्यों में गतिरोध उत्पन्न हो गया है; या

(ग) विद्यमान समिति की अवधि समाप्त हो गयी है और राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी इस अधिनियम या तदधीन बनाये गये नियमों के अनुसार नयी समिति के लिए निर्वाचन कराने में असफल रहा है,

वहां किसी प्राथमिक सोसाइटी के मामले में जोनल रजिस्ट्रार, किसी केन्द्रीय सोसाइटी के मामले में रजिस्ट्रार, सहकारी सोसाइटी, राजस्थान, और किसी शीर्ष सोसाइटी के मामले में

राज्य सरकार, समिति को सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात्, लिखित आदेश द्वारा, समिति को हटा सकेगी और समिति के कार्यकलापों का प्रबन्ध करने के लिए, किसी सरकारी सेवक को, छह मास से अनधिक की कालावधि के लिए, प्रशासक के रूप में नियुक्त कर सकेगी:

परन्तु जहां कोई सरकार का शेयर धारण या सरकार द्वारा कोई उधार या वित्तीय सहायता या कोई प्रत्याभूति नहीं हो, वहां किसी सोसाइटी की समिति अतिष्ठित नहीं की जायेगी:

परन्तु यह और कि बैंककारी का कारबार करने वाली किसी सहकारी सोसाइटी की दशा में, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का केन्द्रीय अधिनियम सं.10) के उपबंध भी लागू होंगे:

परन्तु यह भी कि बैंककारी का कारबार करने वाली किसी सहकारी सोसाइटी की दशा में, इस खण्ड के उपबंध इस प्रकार प्रभावी होंगे मानों कि "छह मास" शब्द के स्थान पर "एक वर्ष" शब्द रखे गये थे ।

(2) यदि समिति का कोई भी सदस्य, इस अधिनियम या तदधीन बनाये गये नियमों या उप-विधियों के द्वारा उस पर अधिरोपित किये जाने वाले कर्त्तव्यों का पालन करने में लगातार व्यतिक्रम करता है या उपेक्षा करता है या समिति अथवा उसके सदस्यों के हित के प्रतिकूल कोई कार्य करता है तो किसी प्राथमिक समिति की दशा में जोनल रजिस्ट्रार, किसी केन्द्रीय समिति की दशा में रजिस्ट्रार, सहकारी सोसाइटी, राजस्थान और किसी शीर्ष समिति की दशा में राज्य सरकार, सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात्, ऐसे सदस्य को, लिखित आदेश द्वारा, हटा सकेगी।

(3) उप-धारा (1) के अधीन नियुक्त प्रशासक,-

(क) उस उप-धारा में विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर-भीतर निर्वाचनों का संचालन करने के लिए व्यवस्था करेगा और निर्वाचित समिति को प्रबन्धन सौंपेगा; और

(ख) प्रशासक को, नयी समिति के निर्वाचित होने तक, रजिस्ट्रार के नियंत्रण और ऐसे निदेशों के, जो वह समय-समय पर दे, अध्यधीन रहते हुए, निर्वाचित समिति के समस्त कृत्यों या कृत्यों में से किसी भी कृत्य का पालन करने की शक्ति होगी और ऐसी समस्त कार्रवाईयां करने की शक्तियां होंगी, जो सोसाइटी के हित में अपेक्षित हों ।"।

11. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 32 का संशोधन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 32 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"**32. सहकारी सोसाइटी का निर्वाचन.-** समिति का निर्वाचन उस समिति की अवधि के अवसान के पूर्व संचालित किया जायेगा जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि समिति के नव-निर्वाचित सदस्य, पदावरोही समिति के सदस्यों की पदावधि के अवसान होते ही तुरन्त पद ग्रहण करलें ।"।

12. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 33 का संशोधन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 33 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"**33. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी और उसके कृत्य.-** (1) राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, ऐसी रीति से जो विहित की जाये, राज्य सरकार के किसी अधिकारी को राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी, जिसे इस अध्याय में आगे प्राधिकारी कहा गया है, के रूप में नियुक्त करेगी और ऐसे प्राधिकारी की सहायता करने के लिए ऐसे अन्य अधिकारी और कर्मचारिवृन्द नियुक्त कर सकेगी, जो वह ठीक समझे।

(2) उप-धारा (1) के अधीन नियुक्त प्राधिकारी और अन्य अधिकारी और कर्मचारिवृन्दों की सेवा के निबंधन और शर्तें ऐसी होंगी, जो विहित की जायें।

(3) किसी सहकारी सोसाइटी के सभी निर्वाचनों के लिए निर्वाचक नामावलियां तैयार करने का, और उन सभी निर्वाचनों के संचालन का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण, प्राधिकारी में निहित होगा।

(4) राज्य सरकार, सहकारी सोसाइटियों के निर्वाचनों के संचालन के लिए प्रक्रिया और मार्गदर्शक सिद्धांत विहित कर सकेगी।

(5) इस अध्याय के प्रयोजन के लिए, जोन स्तर पर पदस्थापित जोनल रजिस्ट्रार, सहकारी सोसाइटी और इकाई स्तर पर पदस्थापित इकाई अधिकारी क्रमश: पदेन जोनल रिटर्निंग अधिकारी और इकाई रिटर्निंग अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे और प्राधिकारी द्वारा उन्हें न्यस्त कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्राधिकारी के प्रति उत्तरदायी होंगे।

(6) धारा 27 की उप-धारा (4) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, प्राधिकारी, किसी सोसाइटी की समिति में होने वाली आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए ऐसी रिक्ति के होने के छह मास के भीतर-भीतर समिति की शेष अवधि के लिए निर्वाचनों का संचालन करेगा।"।

13. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 34 का संशोधन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 34 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"**34. निर्वाचनों का उपक्रम.-** (1) प्रत्येक सहकारी सोसाइटी का मुख्य कार्यपालक अधिकारी, अपनी समिति और उसके पदाधिकारियों के निर्वाचन का संचालन करने के लिए, विद्यमान समिति की अवधि की समाप्ति के छह मास पूर्व ऐसी रीति से, जो विहित की जाये, लिखित सूचना प्राधिकारी को भेजेगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी, समिति में किसी आकस्मिक रिक्ति के बारे में, ऐसी रिक्ति होने के तुरन्त पश्चात् लिखित सूचना भी भेजेगा।

(2) किसी सोसाइटी की समिति का यह सुनिश्चित करने का कर्तव्य होगा कि समस्त जानकारी, पुस्तकें और अभिलेख, जिनकी प्राधिकारी निर्वाचन के प्रयोजन के लिए अपेक्षा करे, अद्यतन हैं और प्राधिकारी या उसके द्वारा इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत व्यक्ति को समय पर उपलब्ध करवा दिये गये हैं।

(3) सोसाइटी की समिति यह भी सुनिश्चित करेगी कि सोसाइटी प्राधिकारी को ऐसी समस्त सहायता उपलब्ध कराती है जिसकी निर्वाचन के संचालन के लिए उसके द्वारा अपेक्षा की जाये।

(4) किसी सहकारी सोसाइटी के निर्वाचन की प्रक्रिया एक बार प्रारम्भ होने के पश्चात्, प्राकृतिक आपदा या कानून और व्यवस्था के भंग होने की परिस्थिति को छोड़कर, किसी भी कारण से रोकी या मुल्तवी नहीं की जायेगी।"।

14. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 54 का संशोधन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 54 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"**54. लेखे और लेखापरीक्षा.-** (1) प्रत्येक सोसाइटी, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अपने लेखे, विहित प्ररूप और रीति से तैयार और संधारित करेगी।

(2) प्रत्येक सोसाइटी, सोसाइटी के साधारण निकाय द्वारा उप-धारा (4) के अधीन अनुमोदित पैनल में से नियुक्त लेखापरीक्षक या लेखापरीक्षा फर्म द्वारा अपने लेखाओं की लेखापरीक्षा करवायेगी:

परन्तु किसी भी लेखापरीक्षक या लेखापरीक्षा फर्म को लगातार दो वर्ष से अधिक के लिए लेखाओं की लेखापरीक्षा के लिए नियुक्त नहीं किया जायेगा।

(3) प्रत्येक सोसाइटी के लेखाओं की लेखापरीक्षा उस वित्तीय वर्ष की, जिससे ऐसे लेखे संबंधित हैं, समाप्ति के छह मास के भीतर-भीतर की जायेगी।

(4) रजिस्ट्रार, उप-धारा (1) के प्रयोजनों के लिए, विहित रीति से, पात्र लेखापरीक्षकों और लेखापरीक्षा फर्मों का पैनल तैयार, अनुमोदित और अधिसूचित करेगा।

(5) सोसाइटियों के लेखाओं की लेखा परीक्षा के लिए पात्र लेखापरीक्षकों और लेखापरीक्षा फर्मों के लिए न्यूनतम अर्हताएं और अनुभव निम्नलिखित होगा, अर्थात्:-

(क) लेखापरीक्षक के मामले में,-

(i) वह चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट अधिनियम, 1949 (1949 का केन्द्रीय अधिनियम सं.38) में यथा परिभाषित चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट हो और उसे

अर्हता पश्चात् लेखाओं की संपरीक्षा करने का तीन वर्ष का अनुभव हो; या

(ii) वह राजस्थान सरकार के सहकारिता विभाग में सेवारत व्यक्ति हो और सहकारी सोसाइटियों की लेखापरीक्षा को संचालित करने के लिए नियुक्त और प्राधिकृत हो और उसके पास "नेशनल काउन्सिल फार कॉपरेटिव ट्रेनिंग, नई दिल्ली" के द्वारा सहकारी लेखा में दिया गया डिप्लोमा हो; और

(ख) लेखापरीक्षा फर्म के मामले में, वह चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट अधिनियम, 1949 (1949 का केन्द्रीय अधिनियम सं.38) में यथा परिभाषित चार्टर्ड अकाउण्टेण्टों की फर्म हो और उसे लेखाओं की लेखापरीक्षा का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव हो।

(6) लेखापरीक्षा का खर्चा संबंधित सोसाइटी द्वारा निर्धारित और संदत्त किया जायेगा:

परन्तु उप-धारा (5) के खंड (क) के उप-खण्ड (ii) में निर्दिष्ट लेखापरीक्षकों की फीस राज्य सरकार द्वारा विहित की जायेगी।

(7) सोसाइटी, लेखापरीक्षक या, यथास्थिति, लेखापरीक्षा फर्म को सोसाइटी की समस्त पुस्तकों, लेखाओं, दस्तावेजों, कागजपत्रों, प्रतिभूतियों, नकदी और अन्य सम्पत्तियों तक पहुंच को सुगम बनायेगी।

(8) ऐसा प्रत्येक व्यक्ति, जो सोसाइटी का कोई अधिकारी, या कर्मचारी या एजेंट है या किसी भी समय रहा है और सोसाइटी का प्रत्येक सदस्य और भूतपूर्व सदस्य, सोसाइटी के संव्यवहारों और कार्यकरण के संबंध में ऐसी सूचना देगा, जिसकी लेखापरीक्षक या, यथास्थिति, लेखापरीक्षा फर्म अपेक्षा करे।

(9) लेखापरीक्षक या, यथास्थिति, लेखापरीक्षा फर्म को सोसाइटी के सभी नोटिस और वार्षिक साधारण बैठक में संबंधित

प्रत्येक संसूचना प्राप्त करने का और ऐसी बैठक में उपस्थित होने और उसमें सुने जाने का अधिकार होगा।

(10) लेखापरीक्षक या, यथास्थिति, लेखापरीक्षा फर्म रजिस्ट्रार द्वारा विहित प्ररूप में लेखापरीक्षा रिपोर्ट तैयार करेगी और लेखापरीक्षा रिपोर्ट सोसाइटी को प्रस्तुत करेगी।

(11) लेखापरीक्षक या, यथास्थिति, लेखापरीक्षा फर्म, जो लघु अवधि सहकारी साख संरचना सोसाइटी के लेखाओं की लेखापरीक्षा करती है, लेखापरीक्षा रिपोर्ट की एक प्रति भारतीय रिज़र्व बैंक, राष्ट्रीय बैंक और रजिस्ट्रार को पृष्ठांकित करेगी।

(12) रजिस्ट्रार, यदि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुरोध किया जाये तो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नियत रीति और प्ररूप में राजस्थान राज्य सहकारी बैंक या किसी केन्द्रीय सहकारी बैंक की विशेष लेखापरीक्षा करवाये जाने को सुनिश्चित करेगा और भारतीय रिज़र्व बैंक को नियत समय के भीतर-भीतर रिपोर्ट भी देगा।

(13) सोसाइटी, लेखापरीक्षा रिपोर्ट की एक प्रतिलिपि, सोसाइटी के साधारण निकाय द्वारा उस पर विचार और अनुमोदन के पश्चात्, उसकी अनुपालन रिपोर्ट के साथ रजिस्ट्रार और उसकी संबद्ध सोसाइटी को भेजेगी।

(14) रजिस्ट्रार, शीर्ष सहकारी सोसाइटी के लेखाओं की लेखापरीक्षा रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगा और राज्य सरकार उसे राज्य विधान-मण्डल के समक्ष रखवायेगी।

(15) यदि राज्य विधान-मण्डल, उसके समक्ष रखी गयी लेखापरीक्षा की रिपोर्ट पर कोई निदेश या सिफारिश करने का संकल्प करता है तो सोसाइटी यथाशक्य शीघ्र उन निदेशों या यथास्थिति, सिफारिशों का अनुपालन करेगी।"।

15. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 62 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 62 के खंड (iii) में विद्यमान अभिव्यक्ति "पांच वर्ष" के स्थान पर अभिव्यक्ति "एक वर्ष" प्रतिस्थापित की जायेगी।

16. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 67 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 67 में,-

(i) खण्ड (क) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "अल्पकालिक और मध्यम अवधि" के स्थान पर अभिव्यक्ति "दीर्घकालीन" प्रतिस्थापित की जायेगी।

(ii) विद्यमान खण्ड (ख) को खण्ड (ग) के रूप में पुन:संख्यांकित किया जायेगा और इस प्रकार पुन:संख्यांकित खण्ड (ग) के पूर्व निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा:-

"(ख) राष्ट्रीय बैंक द्वारा अनुमोदित विशेष स्कीमों के अधीन या इस हेतु राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से अनुमोदित प्रयोजनों के लिए ऐसे निबंधनों और शर्तों पर, जो राज्य सरकार द्वारा विनिश्चित की जायें, अल्पकालिक और मध्यम अवधि उधार देने वाले भूमि विकास बैंक;"; और

(iii) स्पष्टीकरण के उप-खण्ड (ii) में, अंत में आयी विद्यमान अभिव्यक्ति "और" हटायी जायेगी और तत्पश्चात् निम्नलिखित नया खंड अंत:स्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(ii-क) "दीर्घकालीन उधार" से ऐसा उधार अभिप्रेत है जो न तो अल्पकालिक और न ही मध्यम अवधि उधार हो; और "।

17. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 74 का संशोधन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 74 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"74. उधार देने के आवेदनों पर व्यवहार करने की रीति.- जब धारा 67 में वर्णित प्रयोजनों में से किसी भी प्रयोजन के लिए उधार हेतु आवेदन किया जाये तो भूमि विकास बैंक, ऐसे आवेदन पर, उचित जांच के पश्चात् और ऐसी रीति से, जो विहित की जाये, विचार करेगा।"।

18. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 104 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 104 की उप-धारा (2) का विद्यमान खण्ड (घ) हटाया जायेगा।

19. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 105 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 105 की उप-धारा (10) के खण्ड (क) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 28 की उप-धारा (5)" के स्थान पर अभिव्यक्ति "धारा 28 की उप-धारा (12)" प्रतिस्थापित की जायेगी।

20. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 109 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 109 में,-

(i) उप-धारा (1) में,-

(क) खण्ड (क) में, विद्यमान अभिव्यक्ति " उप-धारा (2) " के स्थान पर अभिव्यक्ति "उप-धारा (3)" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ख) खण्ड (ग) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "कटौतियां करने" के स्थान पर अभिव्यक्ति "कटौतियां करने और इस प्रकार काटी गयी रकम संदत्त करने" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ग) खण्ड (ज) में विद्यमान अभिव्यक्ति "30, 31, 54, 55, 60 या 63 के अधीन नियुक्त या प्राधिकृत व्यक्ति को", के स्थान पर अभिव्यक्ति "30, 31, 55, 60, 63 या 122-क के अधीन नियुक्त या प्राधिकृत व्यक्ति को या धारा 54 के अधीन नियुक्त लेखापरीक्षक या लेखापरीक्षा फर्म को" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(घ) विद्यमान खण्ड (द) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(द) कोई व्यक्ति जानबूझकर या किसी युक्तियुक्त कारण के बिना इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन जारी किये गये किसी समन, अध्यपेक्षा या विधिपूर्ण लिखित आदेश की अवज्ञा करता है; या "; और

(ङ) इस प्रकार संशोधित खण्ड (द) के पश्चात् निम्नलिखित नया खण्ड जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"(ध) कोई व्यक्ति, जो समिति के सदस्यों या इसके पदाधिकारियों के निर्वाचन के पहले, उसके दौरान या पश्चात् कोई भ्रष्ट आचरण अपनाता है।"; और

(ii) उप-धारा (2) में,-

(क) विद्यमान खण्ड (द) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(द) यदि वह उप-धारा (1) के खण्ड (द) के अधीन अपराध हो तो ऐसी अवधि के कारावास से जो एक वर्ष तक का हो सकेगा, या ऐसे जुर्माने से, जो पांच हजार रुपये तक का हो सकेगा, या दोनों से;"; और

(ख) इस प्रकार संशोधित खण्ड (द) के पश्चात् निम्नलिखित नया खण्ड जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"(ध) यदि वह उप-धारा (1) के खण्ड (ध) के अधीन अपराध हो तो ऐसी अवधि के कारावास से, जो तीन वर्ष तक का हो सकेगा या ऐसे जुर्माने से, जो दो हजार रुपये तक का हो सकेगा, या दोनों से।"।

21. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की धारा 122-क का अंत:स्थापन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 122 के पश्चात् और विद्यमान धारा 123 के पूर्व निम्नलिखित नयी धारा अंत:स्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"**122-क. विवरणियों का फाइल किया जाना.-** प्रत्येक सोसाइटी, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छह मास के भीतर-भीतर, रजिस्ट्रार को निम्नलिखित विवरणियां फाइल करेगी, अर्थात्:-

(क) अपने क्रियाकलापों की वार्षिक रिपोर्ट;

(ख) अपने लेखाओं के लेखापरीक्षित विवरण;

(ग) अधिशेष के व्ययन के लिए योजना, जो सोसाइटी के साधारण निकाय द्वारा अनुमोदित हो;

(घ) सहकारी सोसाइटी की उपविधियों के संशोधनों, यदि कोई हों, की सूची;

(ङ) अपने साधारण निकाय की बैठक आयोजित करने की तारीख और निर्वाचनों का, जब नियत हों, संचालन करने के बारे में घोषणा; और

(च) ऐसी अन्य सूचना, जिसकी रजिस्ट्रार समय-समय पर अपेक्षा करे।"।

22. 2002 के राजस्थान अधिनियम सं.16 की अनुसूची-ख का संशोधन.- मूल अधिनियम की अनुसूची-ख के पैरा (1) के विद्यमान उप-पैरा (घ) के पश्चात् और विद्यमान उप-पैरा (ङ) के पूर्व निम्नलिखित उप-पैरा अंत:स्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(घक) सोसाइटी की सेवाओं के न्यूनतम आवश्यक उपयोग के बारे में या सोसाइटी की बैठकों में न्यूनतम आवश्यक उपस्थिति के बारे में या सोसाइटी के साथ अन्य संव्यवहारों के बारे में मानक, जो सदस्य द्वारा पूर्ण किये जायेंगे;"।

उद्देश्यों और कारणों का कथन

संसद ने सहकारी सोसाइटियों में वृहत्तर भागीदारी और उनकी स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिए संविधान (सतानवेवां संशोधन) अधिनियम, 2011 अधिनियमित किया है। पूर्वोक्त अधिनियम के अनुसार, राजस्थान सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2001 के कतिपय उपबंधों को संविधान (सतानवेवां संशोधन) अधिनियम, 2011 के अनुरूप करने के लिए संशोधित किया जाना है। यह उपबंध धारा 2, 16, 18, 25, 27, 30, 32, 33, 34, 54, 62, 109, 122क और अनुसूची-ख से संबंधित हैं।

राजस्थान सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2001 में कुछ अन्य संशोधन भी किये जाने प्रस्तावित हैं जो निम्नलिखित हैं:-

जहां ऐसी कोई सोसाइटी, जो किसी अन्य सोसाइटी की सदस्य हो, उस अन्य सोसाइटी में प्रशासक के मताधिकार के लिए उपबंध करने हेतु धारा 20 को संशोधित किया जाना प्रस्तावित है।

भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अनुसार, किसी सदस्य के व्यष्टिक शेयर धारण को अरबन को-आपरेटिव बैंक की कुल शेयर पूंजी के पांच प्रतिशत तक सीमित करने के लिए धारा 21 में एक नया परन्तुक जोड़ा जाना प्रस्तावित है।

धारा 28 किसी ऐसे व्यक्ति को, जिसके विरुद्ध सक्षम न्यायालय ने भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 45) की धारा 120ख, 405, 406, 407, 408, 409, 415, 416, 419, 420, 421, 422, 423, 424, 447, 463, 464, 465, 466, 467, 468, 469, 470, 471, 472, 473, 474, 475, 476, या 477क के अधीन दण्डनीय अपराध के लिए संज्ञान किया गया है, किसी सहकारी सोसाइटी की समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित, सहयोजित, या नामनिर्देशित होने या उसमें बने रहने से निरर्हित किये जाने के लिए प्रतिस्थापित की जानी प्रस्तावित है और इसके परिणामस्वरूप धारा 105 की उप-धारा (10) के खण्ड (क) को संशोधित किया जाना प्रस्तावित है।

राष्ट्रीय बैंक द्वारा अनुमोदित विशेष स्कीमों के अधीन लघु अवधि और मध्यम अवधि के उधार देने के लिए या इस प्रयोजन के

लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से अनुमोदित प्रयोजनों के लिए, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जैसाकि राज्य सरकार विनिश्चित करे, भूमि विकास बैंक को अनुज्ञात करने के लिए धारा 67 को संशोधित किया जाना प्रस्तावित है।

उधार के लिए आवदेन पर विचार करने की रीति को सरल बनाने के लिए धारा 74 को प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

अपील से संबंधित उपबंधों से उदभूत विषमता को दूर करने के लिए धारा 104 की उप-धारा (2) के खण्ड (घ) को हटाया जाना प्रस्तावित है।

यह विधेयक पूर्वोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए ईप्सित है।

अत: विधेयक प्रस्तुत है।

परसादी लाल मीणा,
प्रभारी मंत्री।

संविधान के अनुच्छेद 207 के खण्ड (3) के अधीन महामहिम राज्यपाल महोदय की सिफारिश।

(प्रतिलिपिः संख्या प. 2 (21)विधि/2/2013 जयपुर, दिनांक 14 मार्च, 2013 प्रेषकः परसादी लाल मीणा, प्रभारी मंत्री, प्रेषितिः विशिष्ट सचिव, राजस्थान विधान सभा, जयपुर)

भारत के संविधान के अनुच्छेद 207 के खण्ड (3) के प्रसंग में, मैं राजस्थान सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2013 को राजस्थान विधान सभा में विचारार्थ लिये जाने की सिफारिश करती हूँ।

वित्तीय ज्ञापन

विधेयक के खण्ड 11 और 12, जो राजस्थान सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2001 की क्रमश: धारा 32 और 33 को संशोधित करने के लिए ईप्सित हैं, से 1,49,00,000/- रुपये का अनावर्ती व्यय और लगभग 3,06,00,000/- रुपये प्रतिवर्ष का आवर्ती व्यय अन्तर्वलित होगा।

परसादी लाल मीणा,
प्रभारी मंत्री।

प्रत्यायोजित विधान संबंधी ज्ञापन

विधेयक के निम्नलिखित खण्ड यदि अधिनियमित किये जाते हैं तो, राज्य सरकार को, प्रत्येक खण्ड के सामने अंकित विषयों के संबंध में नियम बनाने के लिए, सशक्त करेंगे:-

खण्ड	**के संबंध में**
12	वह रीति जिससे राज्य सरकार के किसी अधिकारी को राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के रूप में नियुक्त किया जायेगा, विहित करने; [धारा 33(1)]
12	राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी और अन्य अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द की सेवा के निबंधन और शर्तें विहित करने; [धारा 33(2)]
13	वह रीति, जिससे सहकारी सोसाइटी का मुख्य कार्यपालक अधिकारी लिखित सूचना भेजेगा, विहित करने; [धारा 34(1)]
14	वह प्ररूप और रीति, जिसमें सोसाइटी अपने लेखे तैयार और संधारित करेगी, विहित करने; [धारा 54(1)]
14	वह रीति, जिससे रजिस्ट्रार पात्र लेखापरीक्षकों और लेखापरीक्षा फर्मों का पैनल तैयार, अनुमोदित और अधिसूचित करेगा, विहित करने; [धारा 54(4)]
14	उप-धारा (5) के खण्ड (क) के उप-खण्ड (ii) में निर्दिष्ट लेखापरीक्षकों की फीस विहित करने; [धारा 54(6) परन्तुक]
17	वह रीति, जिससे, भूमि विकास बैंक, उधार हेतु किये गये किसी आवेदन पर विचार करेगा, विहित करने; [धारा 74]

प्रस्तावित प्रत्यायोजन सामान्य प्रकृति का है और ब्यौरे के विषयों से संबंधित है।

परसादी लाल मीणा,
प्रभारी मंत्री।

राजस्थान सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2001
(2002 का अधिनियम सं.16) से लिये गये उद्धरण

XX XX XX XX XX XX

16. सदस्यता की समाप्ति.- (1) **XX XX XX XX**

(2) ऐसा कोई सदस्य, जिसका कारबार सोसाइटी के कारबार के विरुद्ध या प्रतिस्पर्धा में है या जो साधारण निकाय की बैठक में लगातार तीन वर्ष तक किसी भी युक्तियुक्त कारण के बिना उपस्थित नहीं हुआ है या जो अपने देयों का संदाय करने में बारबार व्यतिक्रम कर रहा है या जो सोसाइटी की सेवाओं का न्यूनतम आवश्यक उपयोग करने के संबंध में या सोसाइटी के साथ अन्य व्यवहार करने के संबंध में उपविधियों के उपबंधों, यदि कोई हों, का पालन करने में असफल रहा है या जिसने, समिति की राय में, सोसाइटी को बदनाम किया है या ऐसा कोई अन्य कार्य किया है जो सोसाइटी के हित या समुचित कार्यकरण के लिए अहितकर है तो, उस प्रयोजन के लिए बुलाये गये साधारण निकाय के समक्ष उसे अपना मामला अभ्यावेदित करने का अवसर देने के पश्चात् ऐसे साधारण निकाय की बैठक में विहित रीति से पारित विशेष संकल्प द्वारा, सदस्यता से हटाया या निष्कासित किया जा सकेगा।

XX XX XX XX XX XX

18. देय का संदाय न किये जाने तक सदस्य द्वारा अधिकारों का प्रयोग न किया जाना.- सहकारी सोसाइटी का कोई भी सदस्य, सदस्य के अधिकारों का प्रयोग तब तक नहीं करेगा जब तक कि उसने सोसाइटी को सदस्यता के संबंध में ऐसे संदाय न कर दिये हों या सोसाइटी में ऐसा हित अर्जित न कर लिया हो जो उपविधियों में विनिर्दिष्ट किया जाये।

XX XX XX XX XX XX

20. मत प्रयोग की रीति.- (1) **XX XX XX XX**

(2) उप-धारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी,-

(क) किसी सहकारी सोसाइटी का, जो किसी अन्य सहकारी सोसाइटी का सदस्य हो, इस अधिनियम के अधीन

बनाये गये किन्हीं नियमों के अध्यधीन रहते हुए, उस अन्य सोसाइटी के कार्यकलाप में उसकी ओर से मत देने के लिये प्रतिनिधित्व उसके अध्यक्ष द्वारा या, उसकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा;

(ख) जहां सरकार या कोई स्थानीय प्राधिकारी या कोई निकाय किसी सहकारी सोसाइटी का सदस्य है वहां वह ऐसी सोसाइटी के कार्यकलापों में अपनी ओर से मत देने के लिए कोई प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट कर सकेगा।

21. शेयर धारण करने पर निर्बन्धन.- किसी सहकारी सोसाइटी का व्यष्टिक सदस्य सोसाइटी की कुल शेयर पूँजी के अधिकतम पांचवें भाग तक ही शेयर धारण कर सकेगा।

XX XX XX XX XX XX

25. वार्षिक साधारण बैठक.- (1) प्रत्येक सहकारी सोसाइटी निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए वार्षिक साधारण बैठक उसके लिए विहित रीति से बुलायेगी-

(क) समिति द्वारा आगामी वर्ष के लिए तैयार किये गये सोसाइटी के क्रियाकलापों के कार्यक्रम का अनुमोदन;

(ख) विहित रीति से तैयार किये गये लेखाओं और वार्षिक रिपोर्ट पर विचार;

(ग) विहित रीति से तैयार की गयी परीक्षा रिपोर्ट पर विचार और उसका अनुपालन;

(घ) शुद्ध लाभों का व्ययन; और

(ङ) ऐसे अन्य किसी मामले पर विचार जो उपविधियों के अनुसार प्रस्तुत किया जायेः

परन्तु यदि उपरोक्त समय के भीतर ऐसी बैठक न बुलाई जाए तो रजिस्ट्रार या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति विहित रीति से ऐसी बैठक बुला सकेगा और वह बैठक सोसाइटी द्वारा यथावत् बुलाई गई एक साधारण बैठक समझी जायगी:

परन्तु यह और कि रजिस्ट्रार यह आदेश दे सकेगा कि पूर्वगामी परन्तुक के अधीन ऐसी बैठक बुलाने के कारण होने वाला व्यय सोसाइटी

की निधि में से या ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के द्वारा जो रजिस्ट्रार की राय में साधारण बैठक बुलाने के लिए मना करने या बुलाने में असफल होने के लिए उत्तरदायी थे, भुगतान की जायेगी।

(2) **XX XX XX XX XX XX XX**

XX XX XX XX XX XX

27. समितियों की नियुक्ति.- (1) किसी सहकारी सोसाइटी का साधारण निकाय सोसाइटी के कार्यकलापों का प्रंबध उपविधियों के अनुसार गठित समिति को सौंपेगा:

परन्तु इस अधिनियम का प्रारम्भ होने के पश्चात् रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी की दशा में, ऐसे व्यक्ति, जिन्होंने सोसाइटी के रजिस्ट्रीकरण के आवेदन पर हस्ताक्षर किये हैं, सोसाइटी के कार्यकलापों के संचालन के लिए रजिस्ट्रीकरण की तारीख से तीन मास की कालावधि के लिए कोई समिति नियुक्त कर सकेंगे, किन्तु इस परन्तुक के अधीन नियुक्त समिति, ऐसी किसी नई समिति के गठन पर कार्य करना बन्द कर देगी जिसका गठन उपविधियों के अनुसार तीन मास की उक्त कालावधि के भीतर-भीतर किया जायेगा।

(2) प्रत्येक सोसाइटी की समिति में ग्यारह निर्वाचित सदस्य होंगे जो सोसाइटी के साधारण निकाय द्वारा पांच वर्ष की अवधि के लिए निर्वाचित होंगे।

(2-क) उपरोक्त उप-धारा (2) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, शीर्ष सहकारी बैंक और केन्द्रीय सहकारी बैंकों की समिति में वृत्तिकों की इतनी संख्या होगी, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट की जाये और जो लेखांकन, विधि, बैंककारी, प्रबंध, कृषि या ग्रामीण अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में विशेष ज्ञान या अनुभव रखने वाले या ऐसे क्षेत्रों, यदि कोई हों, में ऐसा ज्ञान या अनुभव रखने वाले हों जैसा कि भारतीय बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाये, और यदि ऐसी संख्या में वृत्तिक निर्वाचित नहीं होते तो, ऐसे शीर्ष सहकारी बैंक या, यथास्थिति, केन्द्रीय सहकारी बैंक की समिति यह विचार किये बिना कि आया ऐसे वृत्तिक सदस्य हैं या नहीं, ऐसी संख्या में वृत्तिकों को पूर्ण मतदान अधिकारों सहित सहयोजित कर सकेगी:

परन्तु जहां अपेक्षित न्यूनतम अर्हताओं के बिना कोई व्यक्ति इस उप-धारा के अधीन समिति के सदस्य के रूप में सहयोजित कर लिया जाये, वहां उसका सहयोजन अकृत और शून्य समझा जायेगा और उसको सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् पद से हटाया जायेगा।

(3) समिति के प्रत्येक सदस्य को, जिसमें राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट सदस्य, यदि कोई हों, सम्मिलित हैं, एक मत देने का हक होगा:

परन्तु जहां राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट सदस्य समिति द्वारा पारित किसी संकल्प से कोई भी विसम्मति रखता हो, वह ऐसी विसम्मति की सूचना एक सप्ताह के भीतर-भीतर रजिस्ट्रार को देगा:

परन्तु यह और कि राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट सदस्य न तो किसी अधिकारी के निर्वाचन के लिए मतदान में भाग लेगा न उसका मताधिकार होगा।

(4) किसी ग्राम सेवा सोसाइटी, कृषक सेवा सोसाइटी, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, भूमि विकास बैंक और केन्द्रीय सहकारी बैंक की समिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं प्रत्येक में से कम से कम एक सदस्य होगा और यदि किसी भी प्रकार के किसी भी कारण से, पूर्वोक्त वर्गों के सदस्य किसी भी सोसाइटी की समिति में पूर्वोक्त सीमा तक निर्वाचित नहीं होते हैं या उनमें कोई रिक्ति हो जाती है तो पूर्वोक्त वर्गों के किसी सदस्य की कमी या रिक्ति, ऐसी सोसाइटी की समिति में पूर्वोक्त वर्गों के सदस्यों में से सहवरण द्वारा पूरी की या, यथास्थिति, भरी जायेगी।

28. समितियों की सदस्यता इत्यादि के लिए निरर्हता.- (1) कोई व्यक्ति एक ही समय में एक से अधिक शीर्ष सोसाइटी या एक से अधिक केन्द्रीय सोसाइटी का अध्यक्ष नहीं होगा।

(2) यदि कोई व्यक्ति यथापूर्वोक्त किसी शीर्ष या केन्द्रीय सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में अपने निर्वाचन या नियुक्ति की तारीख को पहले से किसी दूसरी शीर्ष या केन्द्रीय सोसाइटी का अध्यक्ष है तो पूर्वोक्त निर्वाचन या नियुक्ति से चौदह दिन की कालावधि की समाप्ति पर उसका पश्चातवर्ती निर्वाचन या नियुक्ति शून्य समझी जायेगी जब

तक कि वह पूर्वोक्त दोनों शीर्ष या, यथास्थिति, दोनों केन्द्रीय सोसाइटियों में से किसी एक के अध्यक्ष पद से, ऐसी कालावधि के भीतर-भीतर, त्यागपत्र न दे दे।

(3) कोई भी व्यक्ति किसी समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के लिए या सदस्य के रूप में बने रहने के लिए पात्र नहीं होगा यदि वह उस सोसाइटी या किसी भी अन्य सोसाइटी का, उसके द्वारा लिये गये किसी भी उधार या उधारों के संबंध में ऐसी कालावधि के लिए, जो संबंधित सोसाइटी की उप-विधियों में विनिर्दिष्ट है या किसी भी स्थिति में तीन मास से अधिक की कालावधि के लिए व्यतिक्रमी है:

परन्तु यह निरर्हता किसी सदस्य-सोसाइटी पर लागू नहीं होगी।

(3-क) उप-धारा (3) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, कोई भी व्यक्ति किसी केन्द्रीय सहकारी बैंक या शीर्ष सहकारी बैंक की समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित, सहयोजित, नामनिर्देशित, या अन्यथा नियुक्ति किये जाने के लिए, या बने रहने के लिए पात्र नहीं होगा, यदि वह-

(i) किसी प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी से भिन्न किसी सोसाइटी का प्रतिनिधित्व करता है और ऐसी सोसाइटी उसके द्वारा ऐसे बैंक से लिये गये किसी भी उधार या उधारों के संबंध में नब्बे दिवस से अधिक की कालावधि के लिए व्यतिक्रमी है;

(ii) ऐसा व्यक्ति है जो किसी प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी का व्यतिक्रमी है या ऐसी किसी व्यतिक्रमी प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी, जो एक वर्ष से अधिक की कालावधि से व्यतिक्रमी है, का प्रतिनिधि है जब तक कि व्यतिक्रम दूर न कर दिया जाये; और

(iii) ऐसा व्यक्ति है जो, ऐसी सोसाइटी का प्रतिनिधित्व करता है, जिसकी समिति अधिक्रांत कर दी गयी है या उसकी स्वयं की समिति में सदस्य न रहा हो।

(4) राजस्थान साहूकर अधिनियम, 1964 (1964 का अधिनियम सं.1) में यथापरिभाषित कोई साहूकार, नियमों के अधीन यथावर्गीकृत किसी सेवा सहकारी सोसाइटी का अधिकारी निर्वाचित या नियुक्त होने के

लिये पात्र नहीं होगा और जहां यथापूर्वोक्त ऐसी सोसाइटी का कोई अधिकारी साहूकारी का कारबार प्रारंभ कर देता है तो वह तदुपरान्त ऐसी सोसाइटी का कोई अधिकारी नहीं रहेगा।

(5) किसी समिति का कोई भी सदस्य, जिसे धारा 30 के अधीन हटा दिया गया है, ऐसे हटाये जाने की तारीख से पांच वर्ष की कालावधि के लिए समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन या नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

(6) कोई व्यक्ति, जिसके विरुद्ध धारा 57 के अधीन कोई आदेश पारित किया गया है और ऐसा आदेश अपास्त नहीं किया गया हो, ऐसी तारीख से, जिसको वह धन या अन्य सम्पत्ति या उसके भाग का ब्याज सहित प्रतिसंदाय या प्रत्यावर्तन करता है या ऐसे आदेश की तुष्टि में अभिदाय और खर्चें या प्रतिकर का संदाय करता है, पांच वर्ष की कालावधि की समाप्ति तक किसी समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन या नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

(7) कोई भी व्यक्ति किसी समिति का अध्यक्ष और केन्द्र अथवा राज्य सरकार की मंत्री परिषद् का सदस्य या किसी जिला परिषद् का प्रमुख या किसी पंचायत समिति का प्रधान, दोनों, नहीं रहेगा और यदि पहले की केन्द्र अथवा राज्य सरकार की मंत्री परिषद् का सदस्य या किसी जिला परिषद् का प्रमुख या किसी पंचायत समिति का प्रधान है तो वह उस तारीख से, जिसको कि वह ऐसी समिति का अध्यक्ष बनता है, चौदह दिन की कालावधि की समाप्ति पर ऐसी समिति का ऐसा अध्यक्ष नहीं रह जायेगा जब तक कि ऐसी समाप्ति के पूर्व वह केन्द्र अथवा राज्य मंत्री परिषद् के सदस्य के रूप में अपने स्थान से या, यथास्थिति, उस पद से, जो वह जिला परिषद् या पंचायत समिति में धारित करता है, त्यागपत्र नहीं दे देता:

परन्तु यदि ऐसा कोई व्यक्ति, जो किसी समिति का अध्यक्ष पहले से है, केन्द्र अथवा राज्य सरकार की मंत्री परिषद् का सदस्य या किसी जिला परिषद् का प्रमुख या किसी पंचायत समिति का प्रधान नियुक्त अथवा निर्वाचित कर लिया जाता है तो केन्द्र अथवा राज्य मंत्री परिषद् का सदस्य या किसी जिला परिषद् का प्रमुख या, यथास्थिति, किसी पंचायत समिति का प्रधान नियुक्त अथवा निर्वाचित हो जाने की

तारीख से चौदह दिन की समाप्ति पर ऐसी समिति का अध्यक्ष नहीं रहेगा जब तक कि वह केन्द्र अथवा राज्य मंत्री परिषद् के अपने स्थान से या जिला परिषद् या, यथास्थिति, पंचायत समिति में के अपने पद से, पहले ही त्यागपत्र नहीं दे देता है:

परन्तु यह और कि वह समिति का सदस्य या निदेशक बन सकेगा।

(8) कोई भी व्यक्ति समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन के लिए पात्र नहीं होगा, यदि उसके दो से अधिक बच्चे हैं:

परन्तु कोई व्यक्ति, जिसके दो से अधिक बच्चे हैं, इस उप-धारा के अधीन तब तक निरर्हित नहीं होगा जब तक कि तारीख 10.7.1995 को रही उसके बच्चों की संख्या में वृद्धि नहीं होती।

स्पष्टीकरण:- इस उप-धारा के प्रयोजन के लिये, जहां 10.7.1995 को किसी दम्पत्ति के पूर्ववर्ती प्रसव या प्रसवों से केवल एक बच्चा हो वहां किसी एक ही पश्चातवर्ती प्रसव से जन्मे बच्चों की किसी संख्या को एक इकाई समझा जायेगा।

(8-क) समिति का कोई भी सदस्य, जो अध्याय 5 के अधीन राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अपेक्षित जानकारी या सहायता प्रदान करने में असफल रहा है, ऐसी असफलता की तारीख से पांच वर्ष की कालावधि के लिए समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन या नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(9) इस बारे में कोई भी प्रश्न कि आया समिति का कोई सदस्य इस धारा या नियमों के अधीन उल्लिखित किन्हीं भी निरर्हताओं के अध्यधीन हो गया है, निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन अधिकारी द्वारा और समस्त अन्य समयों पर रजिस्ट्रार द्वारा विनिश्चित किया जायेगा।

XX XX XX XX XX XX

30. समिति या उसके सदस्य का हटाया जाना.- (1) यदि, रजिस्ट्रार की राय में, किसी सहकारी सोसाइटी की समिति या ऐसी समिति का कोई सदस्य इस अधिनियम या नियमों या उप-विधियों द्वारा उस समिति या उस सदस्य पर अधिरोपित कर्तव्यों के पालन में बार-बार व्यतिक्रम करता है या उपेक्षा करता है या ऐसा कोई कार्य करता

है जो सोसाइटी या उसके सदस्यों के हितों के प्रतिकूल है या सहकारी उत्पादन और सरकार द्वारा अनुमोदित या जिम्मे लिये गये अन्य विकास कार्यक्रमों के समुचित क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के प्रयोजनार्थ रजिस्ट्रार द्वारा जारी किये गये निदेशों की जानबूझकर अवज्ञा करता है या अन्यथा उसके या अपने कृत्यों का समुचित रूप से निर्वहन नहीं करता है या राज्य सहकारी बैंक या किसी केन्द्रीय सहकारी बैंक के मामले में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ऐसी सोसाइटियों के संबंध में समय-समय पर बनाये या जारी किये गये विनियमों का अनुपालन नहीं करता है या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट पात्रता मानदण्डों को पूरा नहीं करता है और भारतीय रिजर्व बैंक या राष्ट्रीय बैंक से इस आशय का कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है तो रजिस्ट्रार ऐसी समिति या, यथास्थिति, ऐसी समिति के सदस्य को हटाये जाने का प्रस्ताव कर सकेगा।

(2) उप-धारा (1) के अधीन किसी समिति या उसके किसी सदस्य को हटाने के प्रस्ताव पर प्राथमिक सोसाइटी की दशा में, आंचलिक रजिस्ट्रार, केन्द्रीय सोसाइटी की दशा में रजिस्ट्रार, सहकारी सोसाइटी, राजस्थान तथा शीर्ष सोसाइटी की दशा में, राज्य सरकार समिति या, यथास्थिति, सदस्य को अपनी आपत्तियों, यदि कोई हों, का कथन करने का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् लिखित आदेश द्वारा,-

(क) समिति को हटा सकेगी और सोसाइटी के कार्यकलापों का प्रबंध करने के लिए छह मास से अनधिक की कालावधि के लिए किसी सरकारी सेवक को प्रशासक नियुक्त कर सकेगी; या

(ख) ऐसी समिति के सदस्य को हटा सकेगी और पदावरोही सदस्य की शेष पदावधि के लिए रिक्त स्थान की पूर्ति उपविधियों के अनुसार कर सकेगी:

परन्तु इस धारा के अधीन शीर्ष सहकारी बैंक और केन्द्रीय सहकारी बैंक की समिति के हटाये जाने के पूर्व भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श किया जायेगा:

परन्तु यह और कि भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर समिति के हटाये जाने और शीर्ष सहकारी बैंक या किसी केन्द्रीय सहकारी बैंक का प्रशासक नियुक्त करने की प्रक्रिया ऐसी सिफारिश से एक मास के भीतर-भीतर पूरी की जायेगी:

परन्तु यह भी कि किसी प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी की समिति को निम्नलिखित परिस्थितियों के सिवाय नहीं हटाया जायेगा, अर्थात्:-

(क) सोसाइटी को निरन्तर तीन वर्षों में हानि हुई है; या

(ख) सोसाइटी में गम्भीर वित्तीय अनियमितताओं या कपट की पहचान हुई है; या

(ग) इस आशय के न्यायिक निदेश है; या

(घ) समिति में गणपूर्ति की स्थायी कमी है;

(2-क) यदि, किसी सोसाइटी की समिति की अवधि की समाप्ति के पूर्व, नयी समिति गठित नहीं की जाती है तो सरकार, नयी समिति के गठन तक सोसाइटी के कार्यकलापों का प्रबन्ध करने के लिए किसी सरकारी सेवक को प्रशासक के रूप में नियुक्त करने का रजिस्ट्रार को निदेश दे सकेगी:

परन्तु इस उप-धारा के अधीन प्रशासन द्वारा प्रतिस्थापित समिति का कोई भी सदस्य धारा 30 की उप-धारा (5) के अधीन निरर्हित नहीं समझा जायेगा।

(3) इस प्रकार नियुक्त प्रशासक को रजिस्ट्रार के नियंत्रण और ऐसे अनुदेशों के, जो वह समय-समय पर दे, अध्यधीन रहते हुए, निर्वाचित समिति के समस्त या कोई भी कृत्य करने और ऐसी समस्त कार्रवाइयां करने की शक्तियां प्राप्त होंगी जो सोसाइटी के हित में अपेक्षित हों।

(4) उप-धारा (1) के अधीन ज्योंही किसी प्रशासक की नियुक्ति की जाती है, सोसाइटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह सोसाइटी में निर्वाचनों का संचालन करने के लिए राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अध्यपेक्षा भेजे।

(5) इस धारा में अन्तर्विष्ट कोई भी बात धारा 62 के उपबंधों पर प्रभाव नहीं डालेगी।

(6) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी शीर्ष सहकारी बैंक और केन्द्रीय सहकारी बैंक की समिति को भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर ऐसी सिफारिश किये जाने के एक मास के भीतर-भीतर रजिस्ट्रार द्वारा लोकहित में हटाया या अधिक्रांत किया जायेगा।

XX XX XX XX XX XX

32. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी.- (1) राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, राज्य सरकार के किसी अधिकारी को ऐसी रीति से, जो विहित की जाये, राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के रूप में नियुक्त करेगी और ऐसे प्राधिकारी की सहायता करने के लिए ऐसे अन्य अधिकारी और स्टाफ नियुक्त कर सकेगी जो वह उचित समझे।

(2) राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी, जिसे इस अध्याय में इसके आगे प्राधिकारी कहा गया है इस अधिनियम और तदधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों के अधीन राज्य में सहकारी सोसाइटियों की समितियों के निर्वाचनों का संचालन करने के लिए स्वतंत्र एजेन्सी होगा।

(3) इस अध्याय के प्रयोजन के लिए अंचल स्तर पर पदस्थापित आंचलिक रजिस्ट्रार, सहकारी सोसाइटी और इकाई स्तर पर पदस्थापित इकाई अधिकारी, क्रमश: पदेन आंचलिक रिटर्निंग अधिकारी और इकाई रिटर्निंग अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे और प्राधिकारी द्वारा उन्हें सौंपे गये कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्राधिकारी के प्रति उतरदायी होंगे।

33. प्राधिकारी के कृत्य.- (1) प्राधिकारी समस्त शीर्ष तथा केन्द्रीय सहकारी सोसाइटियों की और प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी सोसाइटियों, वृहत क्षेत्र बहुउद्देशीय सहकारी सोसाइटियों, कृषक सेवा सोसाइटियों, कृषि विपणन सोसाइटियों, प्राथमिक भूमि विकास बैंकों, अरबन सहकारी बैंकों, उपभोक्ता सहकारी सोसाइटियों, डेरी सहकारी सोसाइटियों, बुनकर सहकारी सोसाइटियों, गृह निर्माण सहकारी सोसाइटियां की और समस्त ऐसी अन्य सहकारी सोसाइटियों की, जिनकी शेयर पूंजी पांच लाख रुपये या अधिक है तथा सोसाइटियों के ऐसे अन्य वर्ग की भी, जो इस प्रयोजन के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित

किया जाये, समितियों के निर्वचनों का संचालन ऐसी रीति से करेगा जो विहित की जाये।

(2) उप-धारा (1) में उल्लिखित से भिन्न किसी सोसाइटी में, समिति और उसके अधिकारियों के निर्वाचनों का संचालन ऐसी सोसाइटी द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस प्रयोजन के लिए बुलायी गयी साधारण निकाय की बैठक में ऐसी रीति से किया जायेगा जो विहित की जाये:

परन्तु प्राधिकारी भी, इस उप-धारा में निर्दिष्ट सोसाइटी की समिति के निर्वाचनों का संचालन कर सकेगा जहां ऐसी सोसाइटी उससे ऐसा करने का अनुरोध करे या निर्वाचन का संचालन समय पर नहीं करवाये।

34. निर्वाचनों का उपक्रम.- (1) धारा 33 की उप-धारा (1) में विनिर्दिष्ट प्रत्येक सहकारी सोसाइटी का मुख्य कार्यपालक अधिकारी, अपनी समिति के निर्वाचनों का संचालन करने के लिए, विद्यमान समिति की अवधि की समाप्ति के छह मास पूर्व रीति से, जो विहित की जाये, लिखित अनुरोध प्राधिकारी को भेजेगा।

(2) उप-धारा (1) के अधीन अनुरोध प्राप्त होने पर प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि निर्वाचन विद्यमान समिति की अवधि के अवसान के पूर्व संचालित कर लिया जाये।

(3) किसी सोसाइटी की समिति का यह सुनिश्चित करने का कर्तव्य होगा कि समस्त जानकारी, पुस्तकें और अभिलेख, जिनकी प्राधिकारी निर्वाचन के प्रयोजन के लिए अपेक्षा करे, अद्यतन हैं और प्राधिकारी या इस प्रयोजन के लिए उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को समय पर उपलब्ध करवा दिये गये हैं।

(4) सोसाइटी की समिति यह भी सुनिश्चित करेगी कि सोसाइटी प्राधिकारी को ऐसी समस्त सहायता उपलब्ध करवाती है जिसकी निर्वाचन के संचालन के लिए उसके द्वारा अपेक्षा की जाये।

(5) किसी सहकारी सोसाइटी के निर्वाचन की प्रक्रिया एक-बार प्रारम्भ होने के पश्चात् प्राकृतिक आपदा या कानून और व्यवस्था के भंग होने की परिस्थिति को छोड़कर किसी भी कारण से रोकी या मुल्तवी नहीं की जायेगी।

XX XX XX XX XX XX

54. लेखापरीक्षा.- (1) सहकारी सोसाइटियों के लेखापरीक्षण के लिये रजिस्ट्रार विहित रीति से लेखापरीक्षकों के तीन पेनल अर्थात् विभागीय लेखापरीक्षकों, प्रमाणित लेखापरीक्षकों और चार्टर्ड एकाउन्टेंट अधिनियम, 1949 (1949 का केन्द्रीय अधिनियम सं.38) में यथा-परिभाषित, चार्टर्ड अकाउन्टेंटों के तैयार करेगा और उनमें से किसी एक ऐसे पेनल में से, जिसके लिए सोसाइटी निर्धारित समय के भीतर अपना विकल्प दे, लेखापरीक्षक की नियुक्ति करेगा।

(2) प्रत्येक सोसाइटी अपने लेखाओं की लेखापरीक्षा, रजिस्ट्रार द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षक से करवायेगी, परन्तु कोई भी व्यक्ति सोसाइटी के लेखाओं की लेखापरीक्षा लगातार दो वर्ष से अधिक नहीं करेगा।

(3) सोसाइटी, लेखाओं की लेखापरीक्षा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की, सोसाइटी की समस्त पुस्तकों, लेखाओं, दस्तावेजों, कागजपत्रों, प्रतिभूतियों, नकदी और अन्य सम्पत्तियों तक पहुंच को सुगम बनायेगी।

(4) ऐसा प्रत्येक व्यक्ति, जो सोसाइटी का कोई अधिकारी या कर्मचारी या एजेंट है या किसी भी समय रहा है और सोसाइटी का प्रत्येक सदस्य और भूतपूर्व सदस्य, सोसाइटी के संव्यवहारों और कार्यकरण के संबंध में ऐसी सूचना देगा, जिसकी लेखापरीक्षक अपेक्षा करे।

(5) लेखापरीक्षक, रजिस्ट्रार द्वारा विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर-भीतर लेखापरीक्षा को पूर्ण करके लेखापरीक्षा रिपोर्ट रजिस्ट्रार द्वारा विहित प्रोफार्मा में प्रस्तुत करेगा। यदि लेखापरीक्षा के समय किसी सहकारी सोसाइटी के लेखे पूर्ण नहीं हैं तो रजिस्ट्रार या उसके अनुमोदन से उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति उन लेखाओं को सोसाइटी के खर्चे पर पूर्ण रूप से लिखवायेगा।

(6) रजिस्ट्रार द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षक को सोसाइटी के सभी नोटिस, और वार्षिक साधारण बैठक से संबंधित प्रत्येक संसूचना प्राप्त करने का और ऐसी बैठक में उपस्थित होने और उसमें सुने जाने का अधिकार होगा।

